# THE HAMILTON ACADEMY


## Hindi Worksheet

## Class - 1

चित्रों को ध्यानपूर्वक देखकर दिए गए शब्दों से कहानी पूरी कीजिए–

### उपकार का बदला

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आज़ाद | शेर | कूदने | चूहा | आँख | गलती | |
| फँस | पंजे | जाल | दया | धन्यवाद | नींद | माफ़ी |




1.

2.

एक जंगल में एक ········ सो रहा था। शेर को गहरी ········ में सोते देख एक ········ शेर के पेट पर ········ लगा। शेर की ········ खुल गई। शेर ने चूहे को अपने ········ से पकड़ा। चूहे को अपनी ········ महसूस हुई। चूहे ने शेर से ········ माँगी। शेर को चूहे पर ········ आ गई। शेर ने चूहे को छोड़ दिया। चूहे ने कहा, "शेर भाई! ज़रूरत पड़ने पर मैं आपके साथ



मित्रता निभाऊँगा।" चूहा चला गया। थोड़े दिनों बाद जंगल में एक शिकारी आया। उसने जंगल में जाल लगा दिया। शेर शिकारी के जाल में ········ गया। शेर जाल में दहाड़ने लगा। उसकी दहाड़ सुन चूहे को लगा कि कोई बात ज़रूर है, जो शेर लगातार



दहाड़ रहा है। चूहा भागता हुआ उस स्थान पर पहुँचा, जहाँ शेर दहाड़ रहा था। चूहे ने शेर को ········ में देखा और अपने साथियों को पुकारा। थोड़ी देर में वहाँ अनेक चूहे आ गए। सभी चूहों ने मिलकर जाल कुतर दिया। शेर ········ हो गया। उसने सभी चूहों का ········ किया।

शिक्षा–

1. उपकार का बदला सदैव अच्छा होता है।
2. सच्ची मित्रता की पहचान मुसीबत में होती है।
3. मित्रता में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता।

3.